## 'गौ संरक्षण न किया तो आने वाली पीढ़ियां चित्रों में देख पाएंगी गायें'

### गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा की शुरुआत करते हुए बोले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत रविवार को ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर से आरंभ हुई 33 गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा को ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अनुराग भार्गव के नेतृत्व में निकाली जा रही इस पदयात्रा का समापन प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली में होगा। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने के साथ वे देश में गायों के संरक्षण व संवर्धन की मांग भी सरकार से कर रहे हैं। यात्रा के दौरान आमजनों के बीच में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने देशी गायों की घटती नस्लों पर चिंता जताते हुए कहा कि महाभारत काल में युधिष्ठिर की गौशाला में 10 हजार से अधिक नस्लें थीं, जबकि आज यह संख्या घटकर लगभग 25-30 ही रह गई है। हमने सरकार से कहा है कि 53 देशी नस्लों की गायों को एक बार एक साथ खड़ा करके दिखाएं। जिस पर आने वाले खर्च का वहन हम कर लेंगे, लेकिन उन्होंने हाथ जोड़ लिए। यह दर्शाता है कि गायों की नस्लें तेजी से विलुप्त हो रही हैं। यदि हमने तुरंत संरक्षण नहीं किया तो आने वाली पीढिया केवल चित्रों में ही गौमाता को देख पाएंगी।

शंकराचार्य ने कहा कि गौमाता का वध एक धार्मिक अपराध है और यह भारत की पुण्यभूमि पर पाप का कारण बन रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे केवल उसी प्रत्याशी को वोट दें, जो गौ संरक्षण की शपथ ले और उसे अपने संकल्प में प्राथमिकता दे। गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना जगाने का प्रयास है। पदयात्रा से गौ माता की रक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता फैलेगी और राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनेगा कि वे इस विषय को अपने घोषणापत्र में स्थान दें।

## नगरीय निकाय के उप निर्वाचन पूर्वाध का कार्यक्रम जारी

**सिवनी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों में आकस्मिक रूप से रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वाध का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। सिवनी नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 11 सहित 9 अन्य निकायों की रिक्त सीटों के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार सोमवार 16 जून को प्रात: 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारंभ हो जाएगी।

सीटों के आरक्षण संबंधी सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केंद्र की सूची का प्रकाशन भी 16 जून को किया जाएगा। कार्यक्रम अनुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 23 जून निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र की जांच 24 जून को की जाएगी, अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून निर्धारित है तथा 26 जून को ही शेष अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। सोमवार 7 जुलाई को प्रात: 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान संपन्न होगा तथा मतगणना 10 जुलाई को होगी।

## सौसर के प्रहलाद बच्चों में ब्राइटर माइंड्स पद्धति से बढ़ा रहे आत्मविश्वास व एकाग्रता



**सौसर, देशबन्धु।** सौसर निवासी पुलिस अधिकारी प्रहलाद बैरागी इन दिनों बच्चों में असाधारण मानसिक क्षमताएं विकसित करने के मिशन पर हैं। हाल ही में उन्हें मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चुना गया और हैदराबाद में 'ब्राइटर माइंड्स' नामक अनोखी प्रशिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण दिलाया गया। यह पद्धति बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और मानसिक संतुलन को निखारने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल मानी जा रही है।

इस विधा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर रंगों की पहचान करने, नोट के नंबर पढ़ने, वस्त्रों का विवरण बताने और यहां तक कि लिखे हुए शब्द पढ़ने जैसी अद्भुत क्षमताएं विकसित करते हैं। यह केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानसिक जागरूकता और चेतना के उच्च स्तर की ओर एक कदम है।

प्रहलाद बैरागी ने इस विशेष ज्ञान को समाज के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ—बच्चों—तक पहुंचाने की ठानी है। उन्होंने पुलिस लाइन में रहने वाले बच्चों से इसकी शुरुआत की है, जहां वे प्रतिदिन एक घंटे का समय निकालकर नि:शुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। बच्चों में आई आत्मविश्वास की चमक और ध्यान केंद्रित करने की बढ़ती क्षमता देखकर अब कई अभिभावक भी इस पहल से जुड़ना चाहते हैं। बैरागी का सपना है कि यह विधा पूरे सौसर में फैले, ताकि हर बच्चा अपनी छुपी मानसिक शक्ति को पहचान सके और जीवन में आगे बढ़ सके।

## सार-समाचार

### शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरु करने की मांग

**करेली, देशबन्धु।** शिक्षा विभाग का शैक्षणिक सत्र 16 जून से चालू हो रहा है। इस भीषण गर्मी को देखते हुये मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने शासन से मांग की है कि बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से शुरू किया जाए। बच्चों को लू लगने एवं डिहाइड्रेशन होने का खतरे की समस्या की आशंका है।मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नीलू उपाध्याय ने शासन से मांग की कि बच्चों की शारीरिक क्षमता एवं मौसम को देखते हुए शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरु करना बच्चों के लिये न्याय संगत होगा।

### शिलान्यास और भूमि पूजन आज

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के समीपी ग्राम कंजई बगीचा में आज 16 जून को मुनिश्री 108 संभव सागर ससंघ के पावन सानिध्य में आचार्य विद्यासागर दयोदय गौ शाला का शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर आयोजक आचार्य विद्या सागर दयोदय गौ शाला सेवा समिति गोटेगांव ने सभी से इस पावन अवसर पर सुबह 7 बजे इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### मंदिर के स्थापना दिवस पर दुल्हादेव मंदिर में हवन पूजन व विशाल भंडारा

**छपारा, देशबन्धु।** नगर के सार्वजनिक दुल्हादेव मंदिर समिति द्वारा शनिवार को मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर के रघुवंशी समाज द्वारा एकत्र होकर विभिन्न आयोजन किए गए जिसमें शनिवार सुबह से ही विधि पूर्वक पूजन किया गया इसके पश्चात हवन करने के साथ देर शाम भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी महिला पुरुष बच्चों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया साथ ही शाम 4ः00 बजे के बाद से अचानक मौसम में हुए बदलाव के चलते लगभग एक से डेढ़ घंटा कार्यक्रम अस्त व्यस्त हुआ किंतु बारिश बंद होने के बाद शाम छह बजे के बाद लोगों की जमकर भीड़ रही जो कि देर रात तक चलती रही। वहीं विशाल भंडारा महाप्रसाद का आयोजन किया गया था जिसमें नगर के लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया, सभी श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से यह आयोजन किया गया जो देर शाम से देर रात्रि तक चलता रहा हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन कर महाप्रसाद ग्रहण किया।

### धरती आबा अभियान अंतर्गत निकाली गई जागरुकता रैली

**सिवनी, देशबन्धु।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत धनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत गनेरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार 15 जून को जनजागरूकता रैली निकालकर ग्रामीण जनों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित जनजातीय परिवारों को अभियान में शामिल योजनाओं तथा उनकी पात्रता की विस्तृत जानकारी देकर पात्रतानुसार योजनाओं से लाभान्वित करने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की गई। जागरूकता रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय मैदानी अमले की सहभागिता रही।

## मप्र किसान सभा 27 को निकालेगी सरकार की अर्थी

**गोटेगांव, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश किसान सभा गाडरवारा द्वारा सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी न किए जाने को लेकर 12जून से 26जून तक गांव गांव धरना प्रदर्शन पुतला दहन करते हुए 27जून को गाडरवारा शहर में सरकार की अर्थी निकालते हुए एस डी एम महोदय गाडरवारा को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने कार्यक्रम था।

तय कार्यक्रम अनुसार 14 जून को ग्राम पचामा में धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण कुरारिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, कामरेड कुररिया ने संबोधित करते बताया कि डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से कार्पोरेट पूंजीपतियों की गुलाम बन गई है, अब किसान मजदूर एवं आम जन को राहत देने की बजाय कार्पोरेट को लूट की खुली छूट देने मजबूर हो गई है, आज किसानों के जबरजस्त प्रतिरोध के आगे मज़बूरी में सरकार झुकी है आनन फानन में तत्काल निर्णय लेना पड़ा है, लेकिन आज भी सामने डीएपी को निजी हाथों में देकर ब्लैकमेलिंग कर लूट के लिए छोड़ दिया है , किसानों की बर्बादी के कई फरमान जारी कर चुकी है उनके खिलाफ किसानों को जागरूक कर सरकार के खिलाफ संघर्ष पर उतरने पर जोर दिया है, कामरेड कुरारिया ने मूंग खरीदी के लिए सरकार को बाध्य करने के लिए एकजुट आंदोलन में उतरे किसान संगठनों और किसानों को जीत के लिए क्रान्तिकारी अभिवादन किया।

चूंकि सरकार द्वारा 19जून से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर समर्थन मूल्य पर मूंग उड़द खरीदी की घोषणा को देखते हुए धरना दिया गया पुतला दहन नहीं करने का निर्णय लिया, लेकिन तय कार्यक्रम अनुसार गांव गांव बैठकों का दौर चलेगा सरकार अपनी घोषणा अनुसार 19से रजिस्ट्रेशन और शीघ्र खरीदी चालू और सर्वेयरों के भ्रष्टाचार, प्रति हेक्टेयर कितनी मात्रा खरीदने का निर्देश जारी करती हैं, नजर रखते हुए आगामी आंदोलन होंगे जिसमें 27जून को सरकार की अर्थी निकाली जाएगी। धरना में मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनारायण कुरारिया तहसील सचिव करणसिंह अहिरवार, उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, लीलाधर वर्मा, नन्हेलाल वर्मा, रामसिंह वर्मा, लाल साहब वर्मा,भैरो प्रसाद विश्वकर्मा, नरेंद्र वर्मा, विश्राम वर्मा, किसान सभा पचामा के तुलसीराम श्रीवास, कालूराम वर्मा, जगदीश मोहरिया सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पर्यवेक्षक ने की प्रेसवार्ता



**पांढुर्णा, देशबन्धु।** जिला पांढुरना कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एव पूर्व लोकसभा सदस्य अब्दुल ख़लीक एवं मप्र कांग्रेस कमेटी महासचिव पांढुरना जिला कांग्रेस प्रभारी रामू टेकाम द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकार प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया।

धनुष लॉन में आयोजित प्रेसवार्ता में पांढुरना जिला कांग्रेस के सभी अनुसांगिक संगठन की बैठक को संबोधित किया साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके, जिला प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी, जिला समन्वयक भागवत महाजन मप्र कांग्रेस महासचिव जतन उईके, विधायक नीलेश उईके, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा जोगी जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष लता तूमड़ाम, पांढुरना पर्यवेक्षक विजय चौधरी, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील बुधराजा, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर ,सेवादल जिला अध्यक्ष जनार्धन टापरे, पांढुरना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विश्वास कॉम्बे, सौसर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र येमदे, नाँदनवाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष मुशनलाल उईके, बड़चिचोली ब्लॉक अध्यक्ष श्रीकांत महाजन, नपा उपाध्यक्ष ताहिर पटेल, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष , विनोद गजभिये, आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अरुण धुर्वे, विलास जोगी, सुनील जूननकरजी, हृस्ढ्ढ जिला अध्यक्ष जिमि टाकभोर, युवा नेता बंटी ठाकुर एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोड़े, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला अध्यक्ष रवि खापरे जी ने बैठक को संबोधित कर कांग्रेस संगठन को मजबूती करने पर जोर दिया किया जहां जिला, ब्लॉक, नगर कांग्रेस कमेटी के सभी अनुसांगिक पदाधिकारी नेता एव कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अशासकीय स्कूलों में आरटीई अंतर्गत नि:शुल्क प्रवेश के द्वितीय चरण की समय सारिणी जारी

**सिवनी, देशबन्धु।** संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में नि:शुल्क ऑनलाइन प्रवेश प्रथम चरण की प्रक्रिया 10 जून तक पूर्ण हो चुकी है।




प्रथम चरण के उपरांत जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया हेतु पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। 2025-26 में द्वितीय चरण प्रवेश की प्रक्रिया के लिए विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा एवं पुन: सत्यापन प्रक्रिया भी नही होगी। वे आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था एवं सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए थे किन्तु प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ है, वे द्वितीय चरण हेतु आवेदन की च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है परंतु स्कूल पंसद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है वे द्वितीय चरण हेतु च्वाइस अपडेट कर सकेंगे। द्वितीय चरण प्रवेश प्रकिया अंतर्गत 16 जून से 20 जून तक आवेदकों द्वारा स्कूलों की च्वाइस अपडेट किया जा सकेगा। इसके उपरांत द्वितीय चरण हेतु ऑनलाइन लॉटरी 25 जून को होगी। आवंटन उपरांत स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाईल एप्प से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 से 30 जून तक होगा।

## ग्राम पंचायत देवगांव का भवन जर्जर




**छपारा, देशबन्धु।** जनपद पंचायत छपारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवगांव भवन जो 1954 में बना था। वर्तमान समय में अब भवन जर्जर हो गया उक्त भवन में ग्राम पंचायत लगती है जहां बरसात के समय में भवन का पानी पंचायत के अंदर क्षतिग्रस्त स्लेंव से आता है ग्रामीणों ने पंचायत भवन सहित इसी पंचायत के ग्राम बरबसपुर में आंगनवाड़ी भवन जो वन विभाग से बना सामुदायिक भवन में लगाई जाती। उक्त दोनों आंगनबाड़ी भवन और पंचायत भवन ग्राम पंचायत देवगांव में अति शीघ्र बनाने की मांग ग्रामीणों इस समाचार पत्र के माध्यम से उच्च अधिकारियों से किया। इस संबंध में बताया गया है कि कार्य योजना के प्रपत्र में दोनों भवन निर्माण के लिए सरपंच सचिव के द्वारा उल्लेख कर दिया गया था, परंतु अभी तक दोनों भवनों के लिए ग्राम पंचायत को राशि प्राप्त नहीं हुई उच्च अधिकारी से जन अपेक्षा है इस,ओर ध्यान दे।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 16 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की पंचमी, नक्षत्र-घनिष्ठा।**

मेष - परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे- सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। आगामी यात्रा लाभदायक रहेगी।

वृषभ - आज का दिन व्यापारी वर्ग के लिए अच्छा प्रतीत हो रहा है। वे नई योजनाएं बना सकेंगे। नए बिजनेस में भी उन्हें आर्थिक लाभ की संभावना है। विदेश में रहने वाले दोस्तों और रिश्तेदारों से समाचार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे।

मिथुन - नकारात्मक विचारों से आप आज दूर रहें। नए काम की शुरुआत आज बिल्कुल ना करें। गुस्से की भावना को संयम में नहीं रखेंगे, वाद-विवाद बड़े झगड़ों का रूप ले सकता है। खर्च अधिक होगा।

कर्क - आज का संपूर्ण दिन आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजन से भरा हुआ रहेगा। मित्रों से रोचक भेंट होगी। आनंद-प्रमोद के साधन, वस्त्र इत्यादि की खरीद हो सकती है। प्रणय संबंधों में सफलता मिल सकती है।

सिंह - आपका आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाणी में संयम बरतें। दैनिक काम में विघ्न आ सकते हैं। काम समय पर पूरा कर पाने की स्थिति में रहेंगे।

कन्या - आज आपको किसी भी तरह के कलह और चर्चा से दूर रहना चाहिए। आकस्मिक धन खर्च की संभावना है। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। प्रियजन के साथ हुई मुलाकात से मन आनंदित रहेगा।

तुला - आज के दिन आप मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। आज आप कुछ अधिक ही भावुक रहेंगे। मन में उठ रहे विचारों के कारण कुछ परेशान रह सकते हैं। माता तथा स्त्री के विषय में चिंता सताएगी।

वृश्चिक - नए काम की शुरुआत के लिए आज का दिन शुभ है। दिनभर मन की प्रसन्नता बनी रहेगी। भाई-बंधुओं के साथ कोई आवश्यक चर्चा करेंगे। आर्थिक लाभ तथा भाग्यवृद्धि के योग हैं।

धनु - दुविधायुक्त मन:स्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी का अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा। काम पूरा होने में विलंब होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेना हितकर नहीं है।

मकर - आज का दिन ईश्वर के स्मरण में बीतेगा। धार्मिक काम में आप व्यस्त रहेंगे। नौकरी-व्यवसाय में भी अनुकूल परिस्थिति रहेगी। आज आपके हर काम सरलता से पूरे होंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

कुंभ - स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने रहें। मानसिक स्वास्थ्य में कमी रहेगी। कोर्ट-कचहरी की झंझट में न फंसें। अनुचित स्थान पर पूंजी-निवेश हो सकती है, इसलिए विशेषज्ञ की सलाह से काम करें।

मीन - आज आप पारिवारिक तथा सामाजिक बातों में व्यस्त रहने वाले हैं। मित्रों से मुलाकात होगी। उनके पीछे धन खर्च करना होगा। किसी खास जगह पर जाना हो सकता है। प्रत्येक काम में आपको लाभ होगा।

3,8,4,9-31,86,42,97,78,19,64,23

## भाजपा के राज में मध्यप्रदेश बना घोटाला प्रदेश : कांग्रेस

**सिवनी, देशबन्धु।** भाजपा के राज में पूरे प्रदेश में घोटाले हो रहें है। घोटाला करने वाले भाजपा के मंत्री, नेता और उनके परिवार के लोंग सबसे आगे है। भाजपा नेता गोपाल भार्गव के मंत्री रहते उनके बेटे अभिषेक ने सरकारी पट्टे की जमीन खरीदी और 6 माह में जलाशय परियोजना में भूमि अधीग्रहण के नाम पर करोड़ो रूपय का मुआवजा ले लिया। नियमों के मुताबिक केवल विशेष परिस्थिति में, जैसे पट्टाधारी को आर्थिक तंगी या प्रशासनिक मंजूरी की स्थिति मे ही जमीन को बेचने की अनुमति मिल सकती है लेकिन यहॉ मंत्री के बेटे अभिषेक भार्गव को एक ही क्षेत्र में इतनी बडी संख्या में पट्टे की जमीन अपने नाम से खरीद, इसी तरह सागर के गरीब बटाईदार के नाम से भाजपा के महापौर संगीता तिवारी के बेटे सूर्यांश तिवारी ने करोडो रूपय की जमीन खरीद कर फर्जीवाड़ा किया।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सिवनी में भी सर्पदंश के नाम 11 करोड़ 76 लाख का घोटाला किया गया। एक एक व्यक्ति को 29 बार, 28 बार, 30 बार सर्पदंश से मृत बताकर सरकारी पैसो का बंदरबाट कर दिया गया। मध्यप्रदेश में कर्मचारियों के नाम से 12 हजार करोड़ का घोटाला किया गया, जो कर्मचारी है ही नहीं उनके नाम पर करोड़ो रूपय का वेतन निकाल लिया गया, इसी तरह 2 हजार एम्बुलेंस किराये पर लिया गया और एक एम्बुलेंस का 45 लाख रूपत्र का किराया दे दिया गया, आटो रिछा के नम्बर दे दिया गया, एक ही नम्बर से तीन तीन वाहनों का किराया निकाल लिया गया। इसी तरह भोपाल में आरटीओं के पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा के पास के करोड़ रूपय और सोना बरामद किया गया यह घोटाला भी 15 हजार करोड़ रूपय का था, जिसमें भाजपा के नेता और मंत्री शामिल थे, सौरभ शर्मा को जमानत देकर भाजपा नेताओं को बचाने का काम प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा किया गया।

राजिक अकील ने आगे बताया कि मध्यप्रदेश में उपचार के नाम पर आयुष्मान घोटाला किया गया भाजपा के नेता मंत्री आयुष्मान योजना का बहुत अधिक ढिंढोरा पीटते है सिर्फ 3 फोन नम्बर पर 10 लाख लोगों की आयुष्मान योजना चल रही है मृत लोंगो के नाम पर आयुष्मान योजना की राशि निकाल ली गई, इसी तरह एक ही व्यक्ति का कई अस्पतालों में ईलाज के नाम पर राशि निकाली जा रही है। नर्सिंग घोटाला नर्सिंग कॉलेज चलाने के नाम से मध्यप्रदेश में बड़ा घोटाला हुआ है इसमें भी बडी संख्या में भाजपा के नेता, मंत्री शामिल थे इस घोटाला में तो नर्सिंग घोटाला करने के लिए अपने आपको बचाने के लिए सीबीआई को भी रिश्वत दी।

मध्यप्रदेश भाजपा सरकार में घोटालों की लम्बी लिस्ट है सरकार के पास शासकीय कर्मचारियों को देने के लिए वेतन नही है, शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को देने के लिए राशि नहीं है, पंचायत से लेकर नगरीय निकाय, नगरीय निगम तक जो विकास कार्यो के लिए सरकार द्वारा राशि आती थी, वह राशि आधी कर दी गई है या बंद कर दी गई है। मप्र में हो रहें घोटालों की जांच के नाम पर भाजपा सरकार भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम कर रही है यही कारण है कि भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है इन पर भाजपा सरकार के संरक्षण में कोई कार्यवाही नही हो रही है।

## धरती आबा अभियान अंतर्गत आज आयोजित होंगे शिविर

**सिवनी, देशबन्धु।** जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिले में दो चरणों में (प्रथम चरण 16 से 28 जून, द्वितीय चरण दिनांक 29 जून से 04 जुलाई) जिले में विशेष जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसे अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा।